| | |
|---|---|
| **SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**<br>Vishweshwarapuram, Bangalore.<br>**Mock Question Paper 2** – January 2020 | **Course:** II year PUC<br>**Subject:** Hindi<br>**Max. Marks:** 100<br>**Duration:** 3:15 |

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

१ मन ज़्यादा देर तक दुविधा में पड़ा रहा तो क्या आ घेरेगी?
२ माँ कहाँ विराज रही थी?
३ विश्वेश्वरय्या की मृत्यु कब हुई?
४ चीफ़ साहब की खुशामद करने से शामनाथ को क्या लाभ हो सकता था?
५ नारद क्या छीनते देख घबराये?
६ लेखिका ने किसे अनुशासन प्रिय कहा है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

७ सुजान महतो की संपत्ति बढ़ी तो क्या करने लगा?
८ मन्नु भंडारी की माँ का परिचय दीजिए।
९ मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए ।
१० माँ को आलिंगन में भरकर शामनाथ ने क्या कहा?
११ नरक में निवास–स्थान की समस्या कैसे हल हुई?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?** **4 x 1 = 4**

१२ ‘क्रोधी तो सदा के हैं। अब किसी की सुनेंगे थोड़े ही।’
१३ ‘हमारे–आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब?’
१४ ‘वह ज़रूर बना देंगी। आप उसे देख कर खुश होंगे।’
१५ ‘क्यों धर्मराज, कैसे चिंतित बैठे हैं?।’

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2 x 3 = 6**

१६ ‘सत्य बोलने से ही समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक हमारा समय बीता सकेंगे।’
१७ ‘वत्स, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया तब मैं कैसे बच सकती थी।’
१८ ‘वे बोलते जा रहे थे और पिताजी के चेहरे का संतोष धीरे–धीरे गर्व में बदलता जा रहा था।’
१९ ‘यहाँ टिकट खाँचे में डाल कर जल्द अंदर घुसो, उस पार जाकर अपनी टिकट उठा लो।’

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

२० चिता किसे जलाती है?
२१ बाँसुरी किस रंग की है?
२२ माँ और बेटी एक दूसरे के लिए क्या बनते है?
२३ जंगल को क्या हो जाने से बचाना है?
२४ तमिलनाडु में रामायण का ज्ञान कौन दे रहा है?
२५ सीने में क्या जलनी चाहिए?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 3 = 6**

२६ सूरदास ने माखन चोरी प्रसंग का किस प्रकार वर्णन किया है?
२७ बेटी रंगीन कपड़े और गहने क्यों नहीं चाहती?
२८ ‘कायर मत बन’ कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते हैं?
२९ ‘मानव’ ने उत्तर प्रदेश की किन विशेषताओं का वर्णन किया है?

**इ)ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2 x 4 = 8**

३० ऐसा चाहो राज में,
जहाँ मिले सबन को अन्न।
छोटा–बड़ो सब सम बसै,
रैदास रहै प्रसन्न।

**अथवा**

एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय।
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय॥

३१ वे नीलम से मेघ, नहीं–
जिनको है घुल जाने की चाह,
वह अनन्त ऋतुराज, नहीं–
जिसने देखी जाने की राह!

**अथवा**

अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था–
वही बूढ़ा चौकीदार वृक्ष
जो हमेशा मिलता था घर के दरवाज़े पर तैनात।

**IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **5 x 1 = 5**

३२ मिश्रानी को किसने काम से हटा दिया?
३३ दादा जी किसके हक में हैं?
३४ 'सूखी डाली' के एकांकीकार का नाम लिखिए।
३५ श्रीधर पंडित का पुत्र क्या नहीं हो सकता?
३६ ब्रम्हा ज्ञान किसकी वीणा पर नृत्य करने के समान था?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 5 = 10**

३७ दादा जी ने किस अभिप्राय से सभी को बुलाया और क्या कहा?

अथवा

बेला की चारित्रिक विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

३८ भारवि से संबंधित माता पिता के बीच होने वाले प्रारंभिक संवाद का सार लिखिए।

अथवा

ग्लानि और जीवन के सबंध में श्रीधर के क्या विचार हैं?

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **4 x 1 = 4**

३९ क) आप खाया की नहीं।
ख) उसकी आखों से आँसू निकल पडा।
ग) वहाँ कोई दुर्घटना हुआ क्या?
घ) यह वही लड़की है इसको इनाम मिला था।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :** **4 x 1 =4**
**[में, को, के लिए, की]**

४० क) उसने अपने मित्र––– पुस्तकालय खरीदा ।
ख) वह अपने कुत्ते––– खिलाना भूल गया ।
ग) वह घर––– काम कर रहा था।
घ) यह स्वाति ––– बारिश है।

इ) **निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **3 x 1 = 3**

४१ क) इस दिशा में काम शूरु हो जाएगा। (भूतकाल में बदलिए)

ख) गलती पकड में नहीं आ रही थी। (वर्तमानकाल में बदलिए)

ग) भगवान आदमी का दिल देखते हैं। (भविष्यत्काल में बदलिए)

ई) **मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **4 x 1 = 4**

| | |
|---|---|
| ४२ १) सिर फिर जाना | प्रेम से स्वागत करना |
| २) अंधा बनना | प्रभाव उत्पन्न करना |
| ३) आँखें बिछाना | आगे–पीछे कुछ न देखना |
| ४) रंग लाना | पागल हो जाना |

४३ उ) **अन्य लिंग रूप लिखिए :** **अ)**रूद्र **आ)**साधु **इ)**धनवान 3 **x 1 = 3**

४४ ऊ)**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए** **3 x 1 = 3**

क) जो दिखाई न दे

ख) आकाश में घूमने वाला

ग) जो धर्म का काम करें

४५ ए)**निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए:** **2 x 1 = 2**

**अ)** शासन **आ)**पूर्ण

४६ ऐ) **निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **2 x 1 = 2**

**अ)** अच्छाई **आ)**निश्चित

४८ **किसी एक विषय पर निबंध लिखिए** **5 x 1 = 5**

क) देश भक्ति

ख) नर–नारी एक समान

ग) विद्यार्थी और अनुशासन

**अथवा**

वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई–पत्र लिखिए

**VI अ)निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5 x 1 = 5**

४७ लहलहाते हुए खेत, खुला आसमान, स्वच्छ वातावरण, नंग–धड़ंग घूमते बच्चों की किलकारियाँ, सीधे–सादे कर्मठ किसान, सर्वधर्म समभाव और एकता क प्रदर्शन। गांधी जी ने कहा था– भारत की आत्मा गाँवों में निवास करती है। आज गाँवों में रुढ़ियों तथा अंधविश्वासों का बोलबाला है। जाति–प्रथा के काराण प्रायः लड़ाई–झगड़े होते रहते हैं। भारत के गाँवों में कृषि करने के वही पुराने तरीके अपनाए जाते हैं, जिनके कारण उपजा तो कम पैदा होती ही है, समय भी अधिक बरबाद होता है। गाँवों के लोग परिवार नियोजन जैसी राष्ट्रीय आवश्यकता पर ध्यान नहीं देते और जनसंख्या की वृद्धि पर रोक नहीं लगाते। भारत के गाँव में शिक्षा का अभाव है। स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व भारत के गाँवों की दशा बहुत ही दयनीय थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सरकार ने इस ओर ध्यान देना शुरु किया तथा पंचवर्षीय योजनाओं में ग्राम–विकास की अनेक योजनाएँ क्रियान्वित की गई है।

१) गाँधी जी ने क्या कहा था?

२) गाँव में किसका बोलबाला है?

३) गाँव में उपज कम होने का क्या कारण है?

४) स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सरकार ने किन योजनाओं को बनवाया?

५) उपरोक्त अनुच्छेद के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **5 x 1 = 5**

४९ i) We are living in the age of science.

ii) Ganga is our holy river.

iii) India is a rich cultured country.

iv) Every State has its own state language.

v) The security of our nation is our responsibility.